रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)

कबीर धाम आश्रम के सामने, केन्द्रीय विद्यालय नं. 03 के पास, राजघाट रोड, सागर (म.प्र.) 470001
E.Mail- hegc.newraniavsag@mp.gov.in Phone No.- 07582299604 Website - www.ralvv.mp.gov.in

क्रमांक / RALVV-1336 / कु.स. / 2026 सागर, दिनांक : 24/03/26

:: संशोधित ::

// प्रवेश पात्रता परीक्षा अधिसूचना //

रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय के पत्र कमांक 1/0357/2025–ACAD -DHE दिनांक 01/01/2026 के निर्देशानुरूप प्रवेश पात्रता परीक्षा आयोजित की जा रही है।

यह प्रवेश पात्रता परीक्षा ऐसे विद्यार्थियों के लिए ही आवश्यक है जो CUET -PG परीक्षा उत्तीर्ण नहीं हैं तथा ऐसे विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं जो स्नातक स्तर पर उनका मेजर या माइनर विषय नहीं रहा है।

प्रवेश पात्रता परीक्षा संबंधी आवश्यक विवरण निम्नलिखित है–

1. **स्नातकोत्तर में प्रवेश के विषय –**

यह परीक्षा विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों में संचालित स्नातकोत्तर स्तर पर कुल निम्नलिखित विषयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जा रही है –

कला संकाय – **M.A.**	विज्ञान संकाय– **M.Sc.**	वाणिज्य संकाय– **M.Com.**	गृह विज्ञान संकाय **M.H.Sc.**
1. इतिहास	10. भौतिकी	17. वाणिज्य	18. गृह विज्ञान (पारिवारिक संसाधन प्रबंधन)
2. हिन्दी साहित्य	11. रसायन शास्त्र		
3. भूगोल	12. गणित		
4. राजनीति विज्ञान	13. वनस्पति शास्त्र		
5. संस्कृत	14. जन्तु विज्ञान		
6. अर्थशास्त्र	15. जैव–प्रौद्योगिकी		
7. अंग्रेजी साहित्य	16. औद्योगिक रसायन		
8. समाज शास्त्र			
9. योग विज्ञान			

2. पात्रताः

स्नातक योग्यताधारी ऐसे विद्यार्थी जो स्नातकोत्तर में ऐसे विषय में प्रवेश लेना चाहते हैं जो उनका मेजर/माइनर विषय नहीं रहा है। स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी भी आवेदक रहेंगे।
(नोटः जो विद्यार्थी सत्र 2026–27 CUET -PG परीक्षा उत्तीर्ण होंगे, उन्हें इसमें शामिल होना आवश्यक नहीं है।)

3. परीक्षा पद्वति :

बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र पद्वति से यह परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा में विषय से संबंधित एक प्रश्न पत्र होगा, जिसकी अवधि 2 घंटे की होगी एवं इसमें कुल 100 प्रश्न रहेंगे। प्रश्नपत्र में स्नातक प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के मेजर तथा माइनर प्रश्न–पत्रों के पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न पूँछे जायेंगे।

रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)

कबीर धाम आश्रम के सामने, केन्द्रीय विद्यालय नं. 03 के पास, राजघाट रोड, सागर (म.प्र.) 470001

E Mail- hege.newranlavsag@mp.gov.in Phone No.- 07582299604 Website - www.ralvv.mp.gov.in

4. आवेदन प्रकिया:

प्रवेश पात्रता परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क का भुगतान कर विश्वविद्यालय के एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल www.ralvv.mponline.com के माध्यम से 12 फरवरी 2026 से **10 अप्रैल 2026** तक आवेदन किये जा सकेगें।

5. **परीक्षा केन्द्र** : यह परीक्षा निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी ।

   1. शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर
   2. पी.एम.सी.ओ.ई. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह

6. **परीक्षा आयोजन तिथि :— 25 अप्रैल 2026 दिन शनिवार समय दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक**

नोट :— उक्त परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु विश्वविद्यालय हेल्पडेस्क फोन नं. 07582299604 एवं ई.मेल exam.ralvv@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

24.03.2026

प्रभारी, प्रवेश पात्रता परीक्षा
रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय
सागर (म.प्र.)

(डॉ. शक्ति जैन)
कुलसचिव,
रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय
सागर (म.प्र.)

क्रमांक / RALVV-1337/ कु.स. / 2026 सागर, दिनांक : 24/03/26

प्रतिलिपि :—

01. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन भोपाल।
02. अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
03. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर संभाग सागर (म.प्र)
04. रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर से संबंद्ध समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य की ओर सूचनार्थ एवं महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अवगत कराने हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने तथा उनके वॉट्सएप ग्रुप में प्रसारित कराने के अनुरोध सहित।
05. परीक्षा नियंत्रक / वित्त नियंत्रक रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर।
06. सहायक कुलसचिव प्रशासन / परीक्षा / गोपनीय रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर।
07. निज सहायक, कुलगुरू, रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
08. जनसम्पर्क अधिकारी जिला सागर की ओर संचार माध्यमों में प्रसारित कराये जाने के अनुरोध सहित।
09. वेबसाईट प्रभारी उपरोक्त अधिसूचना को वेबसाईट पर अपलोड करें।

24.3.26

(राकेश कुमार चढ़ार)
सहायक कुलसचिव,
रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय
सागर (म.प्र.)